बागी 3 में एयर होस्टेस के रोल में नजर आएंगी श्रद्धा कपूर?

बद्रीनाथ की दुल्हनिया में आलिया भट्ट और नीरजा में सोनम कपूर के बाद अब ऐक्ट्रेस श्रद्धा कपूर भी एयर होस्टेस का रोल निभाने को तैयार हैं। उनका यह रोल बागी 3 में हो सकता है। लेटेस्ट रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के मेकर्स अभी श्रद्धा के लुक और कैरक्टर पर काम कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं पास्ट में निभाए गए किसी भी रोल्स को यह दोहराता तो नहीं है। यही नहीं, श्रद्धा भी जल्द अपने कैरक्टर की बारीकियों को पकड़ने के लिए वर्कशॉप अटेंड करेंगी। एक सूत्र के मुताबिक, डायरेक्टर अहमद खान और राइटर फरहाद सामजी, श्रद्धा का इंट्रेस्टिंग पार्ट क्रिएट करना चाहते हैं। वह मुंबई में सितंबर की शुरुआत में शूटिंग शुरू करेंगी। इसके बाद टीम आगरा जाएगी और फिर वहां से इंटरनैशनल शेड्यूल होगा जिसकी शुरुआत जॉर्जिया से होगी। बता दें, यह दूसरा मौका होगा जब टाइगर श्रॉफ और श्रद्धा कपूर एकसाथ फिल्म में नजर आएंगे। इससे पहले दोनों बागी में साथ दिखे थे। दोनों की जोड़ी को फैंस ने काफी पसंद किया था।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बिग बॉस की एक्स कंटेस्टेंट सृष्टि रोड ने किया बॉलीवुड की तरफ रुख

अभिनेत्री सृष्टि रोड, जिन्हें आखिरी बार सलमान खान के शो बिग बॉस 12 में एक कंटेस्टेंट के रूप में देखा था, आजकल अपनी निजी जिंदगी के कारण चर्चा में हैं. अभिनेत्री अपने एक्स और अभिनेता मनीष नागदेव के साथ ब्रेकअप के बाद बिग बॉस में उनके को-कंटेस्टेंट रहे रोहित सुचांती के संग नजदीकियों को लेकर भी चर्चा में बनी हुई हैं. जहां तक करियर की बात करें तो, सृष्टि रोड बहुत जल्द बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं. सृष्टि एक स्पोर्ट्स आधारित फिल्म में अभिषेक दुआ के साथ नजर आएंगी. कथित तौर पर उनकी फिल्म पतंगबाजी पर आधारित होगी.

प्रतिभाशाली अभिनेत्री, जो इन दिनों अमृतसर में शूटिंग कर रही है. अपने सोशल मीडिया अकाउंट अपनी बॉलीवुड की पहली फिल्म का पहला लुक पोस्ट किया. तस्वीरों में सृष्टि रोड सलवार सूट में काफी खूबसूरत लग रही हैं. तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, आपको मुस्कुराना है, आपको उड़ना है, आपको दिल से खुश रहना है! एक एक्टर, हमेशा एक एक्टर होता है. सबसे ज्यादा खुश होती हूं जब मैं कैमरे का सामना करती हूं.

टीवी के करियर की बात करें तो सृष्टि रोड ने एक्टिंग की शुरुआत सोनी टीवी के शो कुछ इस तरह में एक कैमियो भूमिका निभाई थी, इस शो के बाद वह स्टार वन के शो ये इश्क है में अपनी पहली मुख्य भूमिका में नजर आईं. बाद में उन्होंने छोटी बहू, पुनर विवाह, सरस्वतीचंद्र, इश्कबाज़ जैसे शो किए. उनके करियर में मील का पत्थर कलर्स टीवी का रिएलिटी शो बिग बॉस साबित हुआ, जिससे उन्हें काफी फेम हासिल हुआ.

रसिका दुग्गल ने शुरू की मिर्ज़ापुर सीज़न 2 की शूटिंग

अभिनेत्री रसिका दुग्गल के अब तक के प्रोजेक्ट्स को लोगों ने खू फिल्म हामिद में उन्होंने कश्मीरी मां इशरत का किरदार निभाया था, सीरीज़ दिल्ली क्राइम में एक जिम्मेदार आईपीएस अधिकारी नीती रि किरदार में नज़र आयीं थी. उन्होंने वेब सीरीज मिर्जापुर में अहम भूमिका थी.

रसिका ने मिर्ज़ापुर के पहले सीजन में अपने दमदार परफॉर्मेंस से लो दिल जीत लिया था और अब एक बार फिर रसिका अपने परफॉर्मेंस से द चौकाने के लिए तैयार हैं. रसिका ने मिर्ज़ापुर सीज़न 2 की शूटिंग क लखनऊ से की है. उन्होंने हालही में बनारस में भी शूट किया गया. इस सीरि हिस्सा महीने के अंत में मुंबई में भी शूट किया जायेगा.

रसिका ने कहा, मिर्ज़ापुर सीज़न 1 में मुझे बहुत ही अलग किरदार नि का मौका मिला, और अब सीज़न 2 का भी बहुत ही बेहतरीन अनुभव रहा मिर्ज़ापुर में कुछ होनहार कलाकार भी है अब एकबार फिर उनके साथ का कर रही हूं. रसिका, फॉक्स स्टार बैनर टेल के बैनर तले बन रही फिल्म लूटकेस में नज़र आएंगी जो 11 अक्टूबर को रिलीज़ की जाएगी. इसके अलावा रसिका दिल्ली क्राइम सीजन 2 में भी नज़र आएंगी जो इस साल के अंत में रिलीज़ की जाएगी.